आर एस बी भूमंडलीय संचालन का विस्तार

आर.के.बेहेरा, अध्यक्ष (बायें से तीसरे) मैक्सिकन संयंत्र के उद्घाटन के अवसर पर ।

तीव्र वृद्धि वाला अभियंत्रण (इंजीनियरिंग) एवं प्रौद्योगिकी संस्थान आर एस बी ट्रांसमिशन ने भारत, में 7, यू एस में 1-1 डिज़ाइन एवं उत्पादन प्रणाली (ऑटोमोटिव, निर्माण एवं कृषि उपकरण) क्षेत्र के साथ मैक्सिको में अपने भूमंडलीय उत्पादन संयंत्र का विस्तार किया है। कंपनी ने सेन्ट्रल मैक्सिको गुआना जुआटो राज्य के सिलाओ में 13 वां संयंत्र स्थापित किया है । इस संयंत्र का उद्घाटन गवर्नर जुआन मैनुएल ऑलिविया रमिरेज ने अनेक सरकारी अधिकारी एवं उद्योग प्रमुख के सम्मुख किया ।

गवर्नर ऑलिविया ने इस अवसर पर कहा कि आर एस बी ट्रांसमिशंस डे मैक्सिको गुअनाुआटो राज्य की 156 वी ऑटोमोटिव कंपनी है । इस कंपनी की स्थापना से इस राज्य में प्रतिस्पर्धा में जहां वृद्धि होगी, वहीं इसराज्य की भूमंडलीय स्थिति मजबूत होगी । उन्होंने गुआनाजुआटो में निवेश करने के लिये आर एस बी समूह के चेयरमैन को बधाई देते हुए सम्मानित किया ।

गवर्नर ने यह माना कि भारत 21 वीं सदी की आर्थिक शक्ति के रूप उभर रहा है । उन्होंने कहा कि गुआनाजुआटो भारत को अपना आदर्श मानता है और वह इस देश से ज्ञान प्राप्त करेगा और दक्षता आधारित आर्थिक शक्ति का अनुसरण करेगा ।

इस अवसर पर आर एस बी के अध्यक्ष श्री बी. के.बेहरा ने कहा कि मैक्सिको ऑटोमोटिव उद्योग को फलने-फूलने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है । इस समय मैक्सिको प्रति वर्ष 20 लाख वाहनों का उत्पादन

करता है । यह विश्व का 10 वां वृहत्तम ऑटोमोटिव उत्पादक है । यह देश अगले 6 वर्ष में अपना स्थान विश्व के 5 वें वृहत्तम देशों में शामिल करने का लक्ष्य रखता है । मैक्सिको की बैंकिंग प्रणाली सशक्त है । यहां की इकोनॉमी विश्व में सर्वोच्च स्थान रखती है ।

आर के बेहेरा – अध्यक्ष ।

आर एस बी के अध्यक्ष श्री आर. के. बेहरा ने इस अवसर पर बताया कि मैक्सिको उनकी कंपनी को फलने-फूलने का अपार अवसर प्रदान करेगा । मैक्सिको में कई ख्याति प्राप्त ऑटोमोटिव उद्योग हैं । वर्तमान मे यहां प्रतिवर्ष 20 लाख वाहनों का उत्पादन होता है और यह विश्व का 10 वां वृहत्तम ऑटोमोटिव उत्पादक देश है । मैक्सिको का आर्थिक वातावरण अत्यन्त स्वस्थ है। यहां के बैंकों की वित्तीय प्रणाली अत्यन्त सशक्त है ।

आर एस बी प्रॉपेलर शाफ्ट एवं उपकरण, एक्सल, फ्रंट एक्सल, ट्रैक्टर एक्सल एवं डमी एक्सल, पूर्ण फिनिश्ड गियर एवं शाफ्ट एवं ट्रांसमिशन उपकरण आदि की भूमंडलीय उत्पादक कंपनी है । कंपनी भारी फेब्रिकेशन, फ्रेम, आर्म, बूम एवं बकेट का भी उत्पादन करती है ।

आर एस बी ने 2010-11 में सराहनीय प्रदर्शन करते हुए रू.1040 करोड़ (231 मिलियन डॉलर) के साथ 64 प्रतिशत की वृद्धि की है । कंपनी को आशा है कि अगले कुछ वर्षों में वह इस स्थिति को बनाये रखते हुए 30-35 प्रतिशत की वृद्धि करेगी ।

उत्तर अमेरिका में आर एस बी के अध्यक्ष संजय चड्ढा ने कहा कि बाज़ार पर किया गया सर्वेक्षण यह बता रहा है कि मैक्सिको में अच्छे प्रीसिशन मशीनिंग की भारी कमी है । आर एस बी भारत और यू एस में इन मशीनों की कमी पूरी करेगी । कंपनी सिलाओ में ट्रांसमिशन उपकरण का संयंत्र स्थापित करेगी ।

श्री बेहरा ने कहा कि हम अगले तीन वर्षों में मैक्सिको में 50-60 मिलियन डॉलर का निवेश करेंगे। और 4 वर्ष की अवधि में हम 80-100 मिलियन डॉलर की वृद्धि करेंगे । हमारा मैक्सिको संयंत्र अत्यन्त उत्तेजनात्मक एवं पेचीदा है । हम इसे भूमंडलीय संस्थान के रूप में बदलना चाहते हैं । हमारा उद्देश्य लातीन अमेरिकी क्षेत्र के मैक्सिको एवं ब्राज़ील में छा जाने की है । कंपनी के ग्राहकों में टाटा समूह, जॉन डियर, फिएट, फोर्ड, ऐलिसन ट्रांसमिशन, ए ए एम, ईटन, मैग्ना, जी के एन, कैटरपिलर, टेरेक्स, लेलैंड, कोमात्सु, जी ई, महिन्द्रा समूह, एवं हिताची शामिल है ।

कंपनी के निदेशक निशांत बेहरा का कथन है कि आर एस बी ट्रांसमिशन डे मैक्सिको, श्री चड्ढ़ा के साथ मिलकर घरेलू ग्राहकों जैसे ईटन, मैग्ना, गेट्रेग, जी एम एवं क्रिसलर को एक्सल का वितरण करेगी। कंपनी ब्राजील और अर्जेन्टीना स्थित फिएट को भी अपने उत्पादों का निर्यात करेगी । फिएट पहले से ही भारतीय ग्राहकों में शामिल है ।

श्री बेहरा ने आगे कहा कि भारत और मैक्सिको में खर्च प्रतिस्पर्धात्मक है । मैक्सिको हमारा नया घर है । हम निरंतर वृद्धि करने का प्रयास करेंगे ।